00063

# CERTIFICATE IN NUTRITION AND CHILD CARE

## Term-End Examination

## June, 2012

## CNCC-2 : ORGANIZING CHILD CARE SERVICES

*Time : 3 hours* *Maximum Marks :* ***100***

***Note :*** *Question No.* ***1*** *is compulsory.*
*Answer any other* ***four*** *questions.*

**1.** (a) You have been asked to evaluate the week's schedule of activites developed by a preschool educator. State at least 10 aspects that you will keep in mind while doing so. Describe each aspect in 2 - 3 lines. **10**

(b) State 2 areas in which each of the following activities primarily fasters development. The first one has been done for you as an example. **10**

| Activity | Area |
|---|---|
| (i) Draming | Fine motor/creativity |
| (ii) Music and movement activities | |
| (iii) Playing hide and seek | |
| (iv) Water play | |
| (v) Picture reading | |
| (vi) Cutting with scissors | |
| (vii) Classifying leaves | |
| (viii) Celebrating a festival in the centre | |
| (ix) Narrating a story | |
| (x) Playing with blocks | |
| (xi) Walking along a straight line | |

2. (a) State any five developments in thinking that take place in the first two years of life, giving examples. **5x3=15**

   (b) Describe any two activities appropriate for preschools that help in the development of thinking skills. State what aspects of thinking is fastered through each of the activities ? **2½+2½=5**

3. (a) A mother comes to ask you what parenting practies / techniques she should use with her 4 year old child. What are the 5 most important suggestions that you will give her ? Give reasons for each suggestion that you would give. **10**

(b) A preschool educator wants to know what she can do to develop a sense of initiative in her group of preschool children. What suggestions would you give her ? Explain with the help of examples. **10**

4. (a) Is it necessary to talk to children below one year of age as they themselves are met able to talk much at this age ? Give reasons for your answer. **6**

(b) State two abilities each that are required in learning to read and learning to write. **2+2=4**

(c) State one activity each to faster each of there abilities (Thus in all you have to state 4 activities). **2½x4=10**

5. (a) What can parents do to faster creativity in their young children ? Suggest five ways. **2x5=10**

(b) What is the importance of story telling for children ? **10**

6. Write notes (in ***400*** words each)on ***any two*** : **10+10**

(a) Music actvities for children

(b) Evaluating workers in the centre

(c) Critical periods

(d) Organizing outdoor space

7. (a) Describe the sequence of emergence of **6+6=12**

(i) grass motor skills in the first year

(ii) fine motor skills in the first year

(b) Describe one activity each to faster : **8**

(i) grass motor development of one year olds.

(ii) grass motor development of four year olds.

(iii) fine motor development of two year olds.

(iv) fine motor development of five year olds.

# पोषण और बाल देखभाल में प्रमाण-पत्र

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2012

## सी.एन.सी.सी.-2 : बाल देखभाल सेवाओं का संगठन

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

*नोट : प्रश्न 1 **अनिवार्य** है। शेष में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. (a) आपसे शालापूर्व शिक्षक द्वारा तैयार क्रियाओं की साप्ताहिक अनुसूची का मूल्यांकन करने के लिए कहा गया है। ऐसा करते समय आप जिन पहलुओं को ध्यान में रखेंगे उनमें से कम से कम 10 पहलू बताइए। प्रत्येक पहलू का 2 - 3 पंक्तियों में वर्णन कीजिए। **10**

   (b) बताइए निम्नलिखित क्रियाएँ प्रमुख रूप से विकास के किन दो क्षेत्रों में बढ़ावा देती है? आपकी सहायता के लिए उदाहरण के तौर पर पहली क्रिया का उत्तर दिया गया है। **10**

| | क्रिया | क्षेत्र |
|---|---|---|
| (i) | ड्राईंग करना | सूक्ष्म क्रियात्मक / सृजनात्मकता |
| (ii) | संगीत और शारीरिक क्रियाकलाप | |
| (iii) | लुका-छिपी का खेल खेलना | |
| (iv) | पानी के साथ खेलना | |
| (v) | चित्र पठन | |
| (vi) | कैंची से काटना | |
| (vii) | पत्तियों का वर्गीकरण करना | |
| (viii) | केन्द्र में त्यौहार मनाना | |
| (ix) | कहानी सुनाना | |
| (x) | गुटकों के साथ खेलना | |
| (xi) | सीधी रेखा के साथ-साथ चलना | |

2. (a) उदाहरण देते हुए, जीवन के प्रथम वर्ष में विचारशक्ति में होने वाले कोई पाँच विकास बताईए। **5x3=15**

(b) शालापूर्व बच्चों के विचारशक्ति कौशलों के विकास में सहायक किन्हीं दो क्रियाओं का वर्णन कीजिए। प्रत्येक क्रिया से विचारशक्ति का/के कौन सा/से पहलू विकसित होता (ते) है, बताइए। **2½+2½=5**

3. (a) एक चार वर्षीय बच्ची की माता आपसे यह पूछने आती है कि उसे अपनी बच्ची के साथ कौन सी व्यवहार की शैलियों / तकनीकों का प्रयोग करना चाहिए? कौन से पाँच महत्वपूर्ण सुझाव आप उसे देगें? प्रत्येक सुझाव देने के कारण भी बताइए। **10**

(b) एक शालापूर्व शिक्षिका यह जानना चाहती है कि वह अपने शालापूर्व बच्चों के समूह में पहल करने की प्रवृत्ति की भावना किस प्रकार विकसित कर सकती है? आप उसे इस संबंध में क्या सुझाव देंगे? उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए। **10**

4. (a) एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे चूँकि स्वयं इस उम्र में ज्यादा बोल नहीं पाते अत: उनके साथ बातचीत करना क्या ज़रूरी है? अपने उत्तर के कारण बताइए? **6**

(b) पढ़ना सीखने और लिखना सीखने – प्रत्येक के लिए अपेक्षित दो योग्यताएँ बताइए। **2+2=4**

(c) प्रत्येक योग्यता को बढ़ावा देने के लिए एक क्रिया बताइए (इस प्रकार आप को कुल चार क्रियाएँ करनी हैं) **2½x4=10**

5. (a) छोटे बच्चों में सृजनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए माता-पिता क्या कर सकते हैं? पाँच तरीके सुझाइए। **2x5=10**

(b) कहानी-सुनाने का बच्चों के लिए क्या महत्त्व है? **10**

6. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पर (प्रत्येक पर लगभग 400 शब्दों में) टिप्पणियाँ लिखिए : 10+10

(a) बच्चों के लिए संगीत क्रियाएँ।

(b) केन्द्र में कार्यकर्ताओं का मूल्यांकन करना।

(c) निर्णायक अवधियाँ।

(d) बाहरी स्थान की व्यवस्था करना।

7. (a) जीवन के प्रथम वर्ष में : 6+6=12

(i) स्थूल क्रियात्मक कौशलों

(ii) सूक्ष्म-क्रियात्मक कौशलों के उद्‌भव अनुक्रम का वर्णन कीजिए।

(b) निम्नलिखित प्रत्येक के विकास के लिए एक क्रिया का वर्णन कीजिए : 8

(i) एक वर्षीय बच्चें का स्थूल क्रियात्मक विकास

(ii) चार वर्षीय बच्चें का स्थूल क्रियात्मक विकास

(iii) दो वर्षीय बच्चें का सूक्ष्म क्रियात्मक विकास

(iv) पाँच वर्षीय बच्चें का सूक्ष्म क्रियात्मक विकास

---